3rd class Hindi Bodh Ch 3 Ques Ans

मौखिक

1)प्रश्नों के उत्तर लिखो—

क) बच्चे किसकी ध्वजा फहराने की बात कह रहे हैं ?

उत्तर-बच्चे भारत की ध्वजा फहराने की बात कर रहे हैं ।

ख) बच्चे किस के गीत गाएँगे ?

उत्तर- बच्चे देश के गीत गाएँगे ।

ग) **बच्चे किस पर अटल रहना चाहते हैं?**

उत्तर- बच्चे अपने प्रण पर अटल रहना चाहते हैं ।

घ) **कविता में किसके समान अड़ने की बात कही गई है?**

उत्तर- कविता में हिमगिरि (हिमालय) के समान अड़ने की बात कही गई है ।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो__

क) **कविता में बच्चे अपने बारे में क्या बता रहे हैं ?**

उत्तर- कविता में बच्चे अपने बारे में बता रहे हैं कि वे नन्हे नन्हे बच्चे हैं, परंतु मजबूत इरादों वाले हैं ।

ख) हिम्मत के बल पर बच्चे क्या करना चाहते हैं ?

उत्तर- हिम्मत के बल पर बच्चे सभी मुसीबतों का सामना करना चाहते हैं ।

ग) 'अपनी धुन के हैं हम पक्के ' पंक्ति का क्या अर्थ है ?

उत्तर- 'अपने धुन के हैं हम पक्के' पंक्ति का अर्थ यह है कि हमारे इरादे बहुत मजबूत हैं, हम जो करना चाहते हैं वह कर दिखाते हैं।

घ) कविता से आपको क्या संदेश मिलता है?

उत्तर- कविता से यह संदेश मिलता है कि इरादे मजबूत हो तो कोई भी काम कठिन नहीं होता है। निडरता से ही सफलता मिलती है।